# अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

**दृष्टि** at a glance... **IAS / PCS ACADEMY**

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**24 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

**USEFUL FOR**

IAS | PCS
BANK | SSC
RAILWAY
S-TET | UPSI
STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. भारत ने रच दिया इतिहास, चांद पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग; शान से लहराया तिरंगा**



- चंद्रयान-3 मिशन को इसरो ने 14 जुलाई 2023 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया था.
- इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर को 'विक्रम' और 'रोवर' को 'प्रज्ञान' नाम दिया है जो एक वैज्ञानिक पेलोड है.
- 'प्रज्ञान' एक रोबोटिक व्हीकल है जिसका संस्कृत में अनुवाद 'ज्ञान' होता है.
- 23 अगस्त की शाम को चांद पर जैसे ही सूरज उगा, इसरो के चंद्रयान ने उसके साउथ पोल पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया।
- शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के लैंडरने चांद पर पहला कदम रखा।
- चंद्रयान-3 मिशन 2019 के चंद्रयान-2 मिशन का अनुवर्ती है.
- चंद्रयान-2 का विक्रम लैंडर चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था.

**2. क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को भारत निर्वाचन आयोग ने नेशनल आइकॉन के रूप में चुना**



- भारत निर्वाचन आयोग ने भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को चुनावी प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल आइकॉन के रूप में नामित किया है.
- मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की उपस्थिति में तेंदुलकर के साथ तीन साल की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए.
- पिछले साल आयोग ने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को नेशनल आइकॉन के रूप में मान्यता दी थी.

**3. पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया**




- कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (NGT) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उन्होंने जस्टिस ए.के.गोयल का स्थान लिया है.
- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का गठन पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मामलों के त्वरित और प्रभावी न्याय के लिए किया गया है.
- इसका गठन वर्ष 2010 में किया गया था
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है.

**4. महाराष्ट्र सरकार ने रतन टाटा को दिया उद्योग रत्न अवार्ड**



- महाराष्ट्र सरकार ने टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को राज्य के पहले 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया।

- राज्य सरकार ने यह पुरस्कार इस साल पहली बार दिया है।
- महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस मौके पर उद्योग रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र सरकार द्वारा पहली बार शुरू किया गया। पहला पुरस्कार हमें रतन टाटा को देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

**5. श्रेथा थाविसिन को थाईलैंड के नए प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया**



- कई महीनों के राजनीतिक गतिरोध के बाद श्रेथा थाविसिन को चुना गया है।
- गतिरोध के बाद, मार्च से थाईलैंड का प्रशासन एक कार्यवाहक सरकार द्वारा किया जा रहा है।
- मई में, चुनाव उदारवादी पीटा लिमजारोएनराट के नेतृत्व वाली मूव फॉरवर्ड पार्टी ने जीता था।
- हालाँकि, पीटा लिमजारोएनराट थाईलैंड की द्विसदनीय नेशनल असेंबली के लिए आवश्यक बहुमत से 51 वोट कम रह गए।
- श्रेथा थाविसिन फू थाई पार्टी से हैं।

**6. नीलकंठ मिश्रा को यूआईडीएआई के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।**



- नंदन नीलेकणि के बाद, वह यूआईडीएआई की अध्यक्षता करने वाले दूसरे गैर-नौकरशाह होंगे।
- नीलेश शाह और आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसर मौसम को यूआईडीएआई का सदस्य नियुक्त किया गया है।
- अध्यक्ष और सदस्य पद ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे।

**7. INS वागिर ने सबसे लंबे समय तक स्कॉर्पीन सबमरीन की तैनाती का बनाया रिकॉर्ड**



- भारतीय नौसेना की पनडुब्बी, INS वागिर ने एक प्रभावशाली मील का पत्थर हासिल करके इतिहास रचा है – अब यह किसी भी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी की सबसे लंबे समय तक तैनाती का रिकॉर्ड रखती है।
- पनडुब्बी ने संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा में 7,000 किलोमीटर की आश्चर्यजनक दूरी तय की, जो नौसैनिक कौशल और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था।

**8. सरकार 6 राज्यों में 'मेरा बिल मेरा अधिकार' जीएसटी इनाम योजना शुरू करने की योजना बना रही है।**




- सरकार 'मेरा बिल मेरा अधिकार इनवॉइस प्रोत्साहन योजना शुरू करेगी।
- इस योजना के तहत छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- इसे असम, गुजरात और हरियाणा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी, दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली में लॉन्च किया जाएगा।

- इनवॉइस प्रोत्साहन योजना के तहत जीएसटी बिल अपलोड करने पर नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**9. इंडियन कोस्ट गार्ड ने समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए भारत और फिलीपींस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए**



- भारत और फिलीपींस के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय तटरक्षक बल ने फिलीपींस के फिलीपीन तटरक्षक बल (पीसीजी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं.
- यह दोनों देशों के बीच समुद्री मुद्दों पर पहली द्विपक्षीय बैठक थी.
- भारतीय तटरक्षक बल, भारत की एक समुद्री कानून प्रवर्तन और खोज-बचाव एजेंसी है.
- इसका गठन 1977 में किया गया था.

**10. खेलो इंडिया महिला लीग का नाम बदलकर अस्मिता महिला लीग रखा गया**

- केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने खेलो इंडिया महिला लीग का नाम ऑफिसियल तौर पर अस्मिता महिला लीग कर दिया है.
- अस्मिता पोर्टल एक व्यापक संसाधन के रूप में कार्य करता है, जो आगामी लीगों की की जानकारी देता है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के साथ भेजे गए रोवर को क्या नाम दिया है?**
(a) विक्रम
(b) ज्ञानगंगा
(c) जिज्ञासा
(d) प्रज्ञान

**2. भारत निर्वाचन आयोग ने किसे नेशनल आइकॉन के रूप में चुना है?**
(a) विराट कोहली
(b) कपिल देव
(c) सचिन तेंदुलकर
(d) सौरभ गांगुली

**3. नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव
(b) जस्टिस उमेश सिन्हा
(c) जस्टिस रमेश कुमार सिंह
(d) जस्टिस दीपक कुमार मिश्रा

**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा को राज्य के पहले 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया?**
(a) महाराष्ट्र
(b) राजस्थान
(c) गुजरात
(d) उत्तर प्रदेश

**5. श्रेथा थाविसिन को निम्नलिखित में से किसके नए प्रधान मंत्री के रूप में चुना गया है?**
(a) थाईलैंड
(b) लाओस
(c) म्यांमार
(d) मलेशिया

**6. नीलकंठ मिश्रा को _______ के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।**
(a) सेबी
(b) यूआईडीएआई
(c) एचडीएफसी
(d) फिक्की

**7. भारतीय नौसेना की किस पनडुब्बी ने सबसे लंबे समय तक स्कॉर्पीन सबमरीन की तैनाती का रिकॉर्ड बनाया?**
(a) INS विक्रांत
(b) INS कलवरी
(c) INS विराट
(d) INS वागिर

**8. 'मेरा बिल मेरा अधिकार' जीएसटी इनाम योजना के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
**1.** इसे 16 राज्यों में लॉन्च किया जाएगा।
**2.** इस योजना के तहत 10,000 रुपये से 1 करोड़ रुपये तक का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
सही कोड चुनें:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) इनमे से कोई भी नहीं

**9. इंडियन कोस्ट गार्ड ने समुद्री सहयोग बढ़ाने के लिए किस देश के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?**
(a) इंडोनेशिया
(b) फिलीपींस
(c) फ्रांस
(d) जर्मनी

**10. खेलो इंडिया महिला लीग का नाम बदलकर क्या रखा गया है?**
(a) जाग्रति महिला लीग
(b) अस्मिता महिला लीग
(c) किरण महिला लीग
(d) बेटी महिला लीग

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (a) | (a) | (a) | (b) | (d) | (b) | (b) | (b) |